 Roll No. ....

MAHL-101

हिन्दी साहित्य का इतिहास और आदिकालीन कविता

हिन्दी/M.A. (Part-1), Examination, 2019

Time : 3 Hours] **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रशनपत्र अस्सी (80) अंकों का है जो दो (02) खण्डों क तथा ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड-क

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल तीन (03) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (3×15=45)

1. महाकवि तुलसीदास का जीवन एवं साहित्यिक परिचय देते हुए उनके काव्य-कौशल की साहित्यिक समीक्षा कीजिए।

2. हिन्दी साहित्येतिहास लेखन की परम्परा का सविस्तार वर्णन प्रस्तुत कीजिए।

3. हिन्दी साहित्य के भक्तिकाल के उद्‌भव एवं विकास पर एक समीक्षात्मक निबन्ध लिखिए।

4. हिन्दी साहित्येतिहास के आदिकाल पर एक समीक्षात्मक निबंध लिखिए।

5. इतिहास से आप क्या समझते हैं? सविस्तार स्पष्ट कीजिए तथा इतिहास लेखन की भारतीय परम्परा का विवेचन कीजिए।

खण्ड-ख

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए सात (07) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल पाँच (05) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (5×7=35)

1. हिन्दी साहित्य के रीतिकाल पर अपने विचार संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए।

2. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल लिखिए 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

3. हिन्दी साहित्येतिहास के अंतर्गत कालविभाजन की समस्या पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

4. आदिकालीन हिन्दी कविता की धार्मिक प्रवृत्तियों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

5. रीतिकालीन हिन्दी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

6. अमीर खुसरो पर संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पणी लिखिए।

7. विद्यापति के भाव-पक्ष पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

8. भक्तिकालीन कविता की भाषा-शिल्प का संक्षिप्त परिचय दीजिए।